# CAUSE AND EFFECT

**निर्देश: (प्रश्न 1–10)**

नीचे प्रत्येक प्रश्न में (A) और (B) दो कथन दिए गए हैं। ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या सामान्य कारण के परिणाम हो सकते हैं। इनमें से एक कथन दूसरे कथन का परिणाम हो सकता हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और तय कीजिए कि निम्नलिखित में से किस उत्तर का चुनाव इन दोनों कथनों के बीच सही संबंध बताता है।

उत्तर (1) दीजिये यदि कथन (A) कारण है और कथन (B) उसका परिणाम है।

उत्तर (2) दीजिये यदि कथन (B) कारण है और कथन (A) उसका परिणाम है।

उत्तर (3) दीजिये यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारण हैं।

उत्तर (4) दीजिये यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

उत्तर (5) दीजिए यदि कथन (A) और (B) दोनों कथन किसी सामान्य कारण के परिणाम है।

1. (A) शहर को पेय जल की आपूर्ति करने वाले तालाबों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा हुई है।
   (B) नगरपालिका प्राधिकरण ने जल आपूर्ति को प्रस्तावित कटौती समाप्त कर दी है।
2. (A) पवित्र तीर्थ-मंदिर की यात्रा के लिए बहुत से तीर्थ यात्रियों ने सरकारी परिवहन का उपयोग किया है।
   (B) प्राइवेट परिवहन से यात्रा की लागत बहुत अधिक होती है।
3. (A) पिछले कुछ सप्ताहों के दौरान सब्जियों की कीमतें बुहत बढ़ गई है।
   (B) पिछले सप्ताह के अंत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 प्रतिशत बढ़ गया था।
4. (A) पुलिस ने इलाके से बहुत से समाज-विरोधी तत्वों को पकड़ लिया है।
   (B) इलाके के बहुत से लोगों को पुछताछ के लिए पुलिस ने पकड़ा है।
5. (A) कंपनी के बहुत से कर्मचारी शुक्रवार को एक दिन की छुट्टी पर गए ।
   (B) गुरूवार और शनिवार दोनों के लिए कंपनी ने छुट्टी घोषित की थी।
6. (A) इस वर्ष जूनियर कालेज में प्रवेश हेतु कट आफ प्रतिशत पिछले वर्ष से अधिक है।
   (B) इस वर्ष दसवीं की अंतिम परीक्षा में विद्यार्थियों का प्रदर्शन पिछले वर्ष से काफी बेहतर था।
7. (A) अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्गो की स्थिति बहुत खराब है।
   (B) राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव के लिए सरकार ने बहंत सी राशि मंजूर की है।
8. (A) स्थानीय स्कूल के बहुत से विद्यार्थी अंग्रेजी भाषा के पेपर में वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं।
   (B) स्थानीय स्कूल के बहुतसे विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में गणित के पेपर में फेल हुए हैं।
9. (A) शहर में पिछले तीन दिन के दौरान गरज के साथ भारी वर्षा हुई।
   (B) पिछले तीन दिन के दौरान बहुत से लोग घर के अंदर रहे।
10. (A) चरबी मुक्त खाद्य वस्तुओं की बिक्री में काफी वृद्धि हुई है।
    (B) अब लोग अपने स्वास्थ्य की स्थिति और खान-पान की आदतों के विषय में अधिक जागरूक हो गये हैं।
11. (A) ज्वार की भारी लहरों ने तड़के विशाल समुद्रतट पर तबाही मचा दी और हजारों लोगों की जान ले ली।
    (B) बड़ी संख्या में लोग सूर्योदय के शानदार दृश्य का आनंद उठाने के लिए समुद्रतट पर इकट्ठे हुए थे।
12. (A) सरकार ने शहर में बहुत से पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर लिया है।
    (B) पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैधे शराब ले जाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार दिया था।
13. (A) ट्रैफिक पुलिस ने एक शांत बस्ती में दो सड़कों के चौक के सिग्नल को हटा दिया है।
    (B) वाहनों की तेज गति के कारण चौक पर बहुत दुर्घटनाएं हुई हैं।
14. (A) स्थानीय स्टील कंपनी ने नगर की सड़कों के विकास और रखरखाव का जिम्मा अपने ऊपर ले लिया है।
    (B) स्थानीय नगर निकाय ने कारपोरेट निकायों को सिविक सुविधाओं के रखरखाव में मदद करने का अनुरोध किया।
15. (A) कालेज के अधिकतर छात्रों ने विश्वविद्यालय से अलग होकर स्वायत्त होने के कालेज प्राधिकरण के निर्णय के विरोध में अपनी राय प्रकट की।

(B) विश्वविद्यालय प्राधिकरण ने अपने अंगीभूत कालेजों को अनुदान देने में असमर्थता व्यक्त की है।

16. कथन (A): सोने के गहनों पर होलमार्क लगाने की शुरूआत सारे देश में की गई थी।
कथन (B): बहुत से ग्राहक होलमार्क लगे गहने खरीदना पसंद नहीं करते।

17. कथन (A): इस सप्ताहांक के दौरान अन्न की कीमतों ने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर को छू लिया।
कथन (B): बहुत सी दुकानों पर छापें मारे गए और मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किए गए।

18. कथन (A): आम आदमी की औसत आमदनी बढ़ गई है।
कथन (B): देश की अर्थव्यवस्था में पिछले दशक से सुधार हुआ है।

19. कथन (A): इलाके में पेट की बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है
कथन (B): झील के तट पर कई मरी मछलियां पाई गई।

20. कथन (A): लड़कियों के लिए स्कूली शिक्षा मुक्त कर दी गई है।
कथन (B): लड़कियों में साक्षरता दर निरंतर बढ़ रही है।

**(प्रश्न 21–25)**

21. कारण: राज्य की सभी प्रमुख नदियां पिछले कुछ हफ्तों से खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही है।

**निम्नलिखित में कौन-सा/से उपरोक्त कारण का/के संभावित परिणाम है/हैं?**

(A): नदी तटों के नजदीक बसे हुए गांव डूब गए जिससे निवासियों को भागना पड़ा।
(B): सरकार ने नदी तटों के नजदीक रहने वाले सभी प्रभावित ग्रामवासियों को वैकल्पिक आश्रम देने का निर्णय किया है।
(C): सारे राज्य को भारी बाढ़ की चेतावनी दे दी गई है।

(1) केवल (A)
(2) केवल (A) और (B)
(3) केवल (B) एवं (C)
(4) (A), (B) एवं (C) सभी
(5) इनमें से कोई नहीं

22. परिणाम: इस वर्ष प्रबंधन संस्थान के अंतिम वर्ष के अधिकांश छात्रों ने वित्त विशेषज्ञता का चुनाव किया है।

निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त परिणाम का संभावित कारण हो सकता है।

(A): पिछले वर्ष HR विशेषज्ञता वाले अधिकांश छात्रों को अन्य विशेषता वालों से नौकरियों के बेहतर प्रस्ताव मिले।
(B): प्रबंध संस्थान अपने अंतिम वर्ष के छात्रों को केवल वित्त विशेषज्ञता ही देता है।
(C): पिछले वर्ष अधिकांश लाभकारी प्रस्ताव अन्य विशेषता वाले छात्रों की तुलना में वित्त विशेषज्ञता वाले छात्रों को मिले।
(D): प्रबंधन संस्थान ने पहले दिये जाने वाली विपणन और HR विशेषज्ञता के अतिरिक्त वित्त-विशेषज्ञता हाल ही में शुरू की है।
(E): इनमें से कोई नहीं

23. परिणाम : सरकार ने सभी एयरलाइनों को 6 बजे प्रात: से 10 बजे प्रात: के बीच उतरने वाले उड़ानों के लिए पीक टाइम कन्जेशन प्रभाव के रूप में अतिरिक्त राशि लगाने की अनुमति दी है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त परिणाम का संभावित कारण है?**

(A) सभी एयरलाइन कंपनियों ने पीक समय के दौरान अपनी सेवाओं को स्थगित करने की धमकी दी थी।
(B) सरकार ने पीक समय की फ्लाइटों के लिए अपने कर में वृद्धि कर दी है।
(C) पीक समय के दौरान उतरते समय हवाई जहाजों को हवाई अड्डों के ऊपर नियमित रूप से रोक दिया जाता है जिससे ईंधन की अतिरिक्त खपत होती है।
(D) एयरलाइन कंपनियां अब पीक समय की फ्लाइटों लिए असीमित अतिरिक्त प्रभार लगा सकती हैं।
(E) इनमें से कोई नहीं

24. परिणाम : सीमेंट विनिर्माता कंपनियों ने तत्काल प्रभाव से सीमेंट की कीमतों में लगभग पंद्रह प्रतिशत वृद्धि कर दी है।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से उपरोक्त कारण का/के संभावित परिणाम है/हैं?

(A) सरकार सीमेंट विनिर्माता कंपनियों को कीमत वृद्धि को घटा कर पांच प्रतिशत करने के निर्देश देगी।
(B) रिहायशी फ्लैटों और वाणिज्यिक कंपनियों की कीमतों में वृद्धि का रूख दिखेगा।
(C) निर्माण कंपनियां चल रही सभी निर्माण परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से रोक सकती है।

(1) केवल (B)
(2) केवल (A)
(3) केवल (C)
(4) केवल (B) एवं (C) सभी
(5) इनमें से कोई नहीं

25. परिणाम : पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के सभी प्रमुख शहरों में वांचित ध्वन्यात्मक अंग्रेजी का प्रशिक्षण

देने वाले संस्थानों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

निम्नलिखित में से कौन-सा उपरोक्त परिणाम का संभावित कारण है?

(A) बहुत से माता-पिता चाहते है कि उनके बच्चे धारा-प्रवाह अंग्रेजी बोलें-

(B) बहुत से यूरोपीय और उत्तर अमरीकी देश विभिन्न गतिविधियों को भारत को आउटसोर्स कर रहे हैं

(C) अब भारत के स्कूलों और कालेजों में अंग्रेजी नहीं पढ़ाई जाती है।

(D) भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में अंग्रेजी बोलने वाली शिक्षित युवाओं की संख्या सर्वाधिक है।

(1) केवल (B)

(2) केवल (A)

(3) केवल (A) और (B)

(4) सभी

(5) इनमें से कोई नहीं

**Cause of effect**

**1.** (a)
**2.** (b)
**3.** (a)
**4.** (e)
**5.** (b)
**6.** (b)
**7.** (a)
**8.** (e)
**9.** (d)
**10.** (b)
**11.** (d)
**12.** (d)
**13.** (d)
**14.** (b)
**15.** (d)
**16.** (d)
**17.** (d)
**18.** (b)
**19.** (d)
**20.** (a)
**21.** (b)
**22.** (c)
**23.** (c)
**24.** (a)
**25.** (c)